## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित बस ने बाइक, कार और ठेलों को मारी टक्कर

**कटनी।** बरही में बुधवार की अनियंत्रित बस ने सड़क किनारे खड़े और वहां से गुजर रहे कई वाहनों को रौंद दिया। गहरवार बस सर्विस की इस बस ने एक के बाद एक बाइक, स्कूटी, कार और ठेला-टपरा को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस काफी तेज रफ्तार में नगर के भीतर से गुजर रही थी। तभी अचानक चालक का नियंत्रण हट गया। गनीमत यह रही कि लोग समय रहते भाग खड़े हुए, जिससे बड़ा जनहानि का हादसा टल गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और भारी भीड़ जमा हो गई। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही बरही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए यातायात व्यवस्था बहाल कराई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर के भीतर भारी वाहनों की बेकाबू रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर सीमा के भीतर भारी वाहनों की गति सीमित की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। फिलहाल बरही पुलिस मामले की जांच कर रही है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### दो चोरियों में नकदी सहित जेवरात किये पार

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी की दो बड़ी वारदातें हुई। चोरो ने सूने मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात पार कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम धौरा निवासी राकेश सिंह राठौर 32 वर्ष के मकान में दोपहर 2 से 3 बजे के मध्य अज्ञात चोरों ने धावा बोला। फरियादी जब घर पहुंचा तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर रखे करीब 90,000 रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। बड़वारा पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अपराध कायम किया है। इसी तरह ग्राम सिजहनी में दोपहर 12 से 1 बजे के बीच हुई। प्रार्थी सुभाष कुमार सेन 40 वर्ष के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने घर के अंदर रखे 30,000 रुपये नकद एवं सोने-चांदी के जेवरात कुल कीमती करीब 60,000 पार कर दिए। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो बदमाशों को चाकू के साथ किया गिरफ्तार

**कटनी।** एन.के.जे. पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बाबाघाट मूंगा बाई कालोनी के पास हनुमान मंदिर के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे 18 वर्षीय हिमांशु श्रीवास्तव को रोका जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से बटनदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। इसी तरह माधवनगर पुलिस ने गुलवारा मैदान के पास संदेही रंजीत चौबे 31 वर्ष निवासी ग्राम कछगवां को रोका। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से बटनदार धारदार चाकू जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीकृत किया है।

### निकुंज धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**उमरियापान।** उमरियापान के समीप तिघरा स्थित निकुंज धाम में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। महोत्सव में शामिल हुए श्रद्धालुओं ने संकट मोचन हनुमानजी महाराज का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने पूज्य गुरु पंडित अमित शास्त्री के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कई श्रद्धालुओं ने गुरु दीक्षा ग्रहण कर आध्यात्मिक जीवन की नई शुरुआत की। भगवान एवं गुरु पूजन के पश्चात महाआरती हुई। कार्यक्रम के दौरान राधा-कृष्ण की संजीव झांकी और संगीतमय भजन-कीर्तन ने भक्तिमय वातावरण का सृजन किया। इस मौके पर सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, मंदिरों व आश्रमों में दिन भर रही भीड़

# गुरू चरणों में शीश झुका लिया आशीर्वाद मंदिरों-आश्रमों में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गुरू पूर्णिमा पर जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालयों से लेकर आश्रमों, मंदिरों में शिष्यों ने गुरूवंदना कर आशीर्वाद लिया। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर मंदिरों में सुंदरकांड, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन, आध्यात्मिक प्रवचन, महाआरती एवं भंडारों के बीच पूरा जिला भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। प्रमुख धार्मिक स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जहां श्रद्धालु अपने गुरुओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते रहे।



### दद्दाधाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पार्थिव शिवलिंग निर्माण

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर झिंझरी स्थित दद्दा धाम में प्रातः से ही दूर-दराज़ से पहुँचे भक्तों का आना शुरू हो गया। पूज्य दद्दाजी के प्रति अगाध श्रद्धा और विश्वास के साथ श्रद्धालु समाधि स्थल पर मत्था टेकने और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए कतारबद्ध खड़े नज़र आए। दद्दा धाम की पावन परंपरा का निर्वहन करते हुए कटनी पहुँचे हज़ारों श्रद्धालु मिट्टी से पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण करते दिखाई दिए। ₹हर-हर महादेव₹ और ₹दद्दा जी₹ के जयकारों से पूरा धाम परिसर गुंजायमान हो उठा। पुरुष, महिलाएँ एवं बच्चे भक्ति भाव के साथ शिवलिंग निर्माण के धार्मिक अनुष्ठान में सहभागी बने। भक्तों की भीड़ को देखते हुए कटनी प्रशासन और धाम समिति के स्वयंसेवकों द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे।

### स्लीमनाबाद क्षेत्र के मठ-मंदिरों और आश्रमों में दिन भर चलता रहा आयोजन



गुरु पूर्णिमा स्लीमनाबाद तहसील में आस्था और उल्लास के साथ मनाई गईं। शिष्यगण श्रद्धा से शीश झुकाने के लिए रिमझिम बारिश के बीच गुरु के द्वार पर पहुँचकर गुरु की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।प्रभु कृपा सदन धाम मैं हुआ आयोजन-समीपस्थ ग्राम भेड़ा स्थित प्रभु कृपा सदन धाम मैं गुरु पूर्णिमा के अवसर गुरु पंडित रमाकांत पौराणिक के दर्शनार्थ व गुरु की चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त करने दिनभर शिष्यों की कतार लगी रही है।साथ ही भजन संकीर्तन भी चला और प्रसाद वितरण किया गया।प्रभु कृपा सदन धाम मैं दूरदराज से शिष्य सपरिवार भी गुरु वंदना के लिए पहुँचे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी,रवि दुबे, सुनील गुप्ता,लकी अग्रहरी,चंद्रशेखर अग्रहरी, ब्रजेश दुबे, अरविंद पटेल, संजय यादव सहित बड़ी संख्या मैं जनप्रतिनिधियों ने भी पहुँचकर गुरु रमाकांत पौराणिक से आशीर्वाद प्राप्त किया।हरिदास आश्रम स्थल से हुआ फेसबुक प्रसारण-स्लीमनाबाद स्थित हरिदास आश्रम स्थल से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूर्णिमा की महत्वत्ता पर डॉ दिलीप त्रिपाठी के द्वारा प्रकाश डाला गया।जिसका फेसबुक पर प्रसारणभी किया गया।

बतलाया गया कि इसी दिन आषाढ़ पूर्णिमा पर ही वेदों के रचयिता महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। इनके जन्म दिन के उपलक्ष्य पर ही सदियों से गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु पूजन की परंपरा चली आ रही है। इस वजह से इस दिन को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। वही ग्राम कोहका स्थित हरिदास ब्रजधाम मन्दिर मैं भंडारे का आयोजन किया गया जहां श्रद्धालुओं ने पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया ।वही जगदीश धाम खिरहनी मैं भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर भी विविध आयोजन आयोजित किये गए।साथ ही लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज मे भी महाआरती आयोजन हुआ।

## भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊंचा



शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में 'गुरु पूर्णिमा' का पावन पर्व अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।इस गरिमामयी आयोजन के दौरान गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में दो विशेष अतिथियों रामफल उपाध्याय एवं चन्द्रिका प्रसाद चतुर्वेदी सहित महाविद्यालय के समस्त गुरुजनों को श्रीफल व नारियल प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह ने वर्तमान समय में गुरुओं की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, साथ ही यह भी बताया कि गुरु पूर्णिमा न केवल महर्षि वेदव्यास के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है, बल्कि यह स्वयं के अज्ञान को मिटाकर ज्ञान के प्रकाश की ओर अग्रसर होने का संकल्प लेने का भी अवसर है।भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. दिव्या यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि ₹जीवन में प्रत्येक व्यक्ति और वस्तु से कुछ न कुछ सीखा जा सकता है।₹ उन्होंने भगवान दत्तात्रेय का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार प्रकृति की हर एक वस्तु—पवन, जल, और जीव-जंतुओं—को अपना गुरु मानकर उनसे जीवन का सार ग्रहण किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे भी अपने आस-पास के वातावरण, अनुभव और प्रकृति के प्रति जागरूक रहकर सतत जिज्ञासु बने रहें, क्योंकि सीखने के लिए संसार ही सबसे बड़ा विद्यालय है।कार्यक्रम का निर्देशन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. दिव्या यादव द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम संचालन की जिम्मेदारी डॉ. ब्रजेश पांडे और डॉ. अनुपमा द्विवेदी ने निभाई।वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी उच्च स्थान प्राप्त है। इस आयोजन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में गुरु वंदना के साथ इसका समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महर्षि विद्यापीठ में वैदिक परंपरा से मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व



करौंदी के महर्षि विद्यापीठ में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती एवं महर्षि का वैदिक विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक एवं गुरु पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद वेदों तथा श्रीगणेश अथर्वशीर्ष का सस्वर पाठ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह, राजेश ब्यौहार,विवि कुलसचिव संदीप शर्मा, सलाहकार अरविंद सिंह राजपूत, निदेशक डॉ. नमिता पाठक, आश्रम प्रभारी अरविंद सिंह, रतिभान सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, डॉ. मानवेन्द्र पांडेय सहित आश्रम के आचार्य, वेदपाठी ब्राह्मण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने गुरु परंपरा के महत्व और भारतीय संस्कृति में गुरु के स्थान पर अपने विचार व्यक्त किए। उमरियापान, ढीमरखेड़ा और सिलौंड़ी शासकीय महाविद्यालयों में भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु सांदीपनि महोत्सव का आयोजन किया गया। ढीमरखेड़ा महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ. बृजलाल ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। उमरियापान महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी दीपिका जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को ज्ञान, संस्कार और जीवन मूल्यों का आधार माना गया है। उन्होंने महर्षि वेदव्यास के योगदान का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को गुरु के आदर्शों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी अभिलाषा चौरसिया ने गुरु के ज्ञान, मार्गदर्शन और व्यक्तित्व निर्माण में निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार व्यक्त किए। सिलौंड़ी महाविद्यालय में प्राचार्य रतिराम अहिरवार के निर्देशन में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने गुरुजनों का सम्मान कर भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

## आपदा मित्र प्रशिक्षण में अग्नि सुरक्षा एवं बचाव के सिखाए गए गुर, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला कटनी में आपदा प्रबंधन क्षमता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालित आपदा मित्र योजना के अंतर्गत बुधवार को वन विभाग के डीएफओ कार्यालय परिसर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यालय डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड, कटनी एवं अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को अग्नि दुर्घटना की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग के विशेषज्ञों ने आग लगने की विभिन्न परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य करने की तकनीकों से अवगत कराया। प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि अग्निकांड की स्थिति में घायलों को किस प्रकार सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए, घटनास्थल पर बचाव कार्य कैसे संचालित किया जाए तथा जन-धन की हानि को न्यूनतम करने के लिए किन सावधानियों का पालन आवश्यक है।फायर एक्सटिंग्विशर एवं होज पाइप के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग का प्रायोगिक प्रदर्शन भी कराया गया। प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न प्रकार की आग के अनुसार उपयुक्त अग्निशमन उपकरणों के चयन एवं संचालन की विधि समझाई गई, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में वे त्वरित एवं दक्षता पूर्वक कार्य कर सकें। प्रशिक्षण में अग्नि सुरक्षा के मानकों, प्राथमिक प्रतिक्रिया, व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों तथा आपदा के समय समन्वित कार्यप्रणाली पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों से अभ्यास कराते हुए उन्हें वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप राहत एवं बचाव कार्यों की बारीकियों से परिचित कराया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा मित्रों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें किसी भी अग्नि आपदा अथवा आपात स्थिति में प्रभावी, सुरक्षित एवं त्वरित राहत एवं बचाव कार्य करने के लिए सक्षम बनाना रहा। प्रायोगिक अभ्यास में भाग लेकर आवश्यक तकनीकी जानकारियां प्राप्त की।

*7 अगस्त से प्रारंभ होगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान*

## प्रशासनिक अधिकारी अपने क्षेत्र भ्रमण कर समस्याओं का करेंगे निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनता से सीधा संवाद एवं जुड़ाव स्थापित करने और समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 आगामी 7 अगस्त से प्रारंभ होगा। आगामी 8 जनवरी 2027 तक संचालित होने वाले इस अभियान में मंत्री, मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि नियमित रूप से मैदानी भ्रमण कर आमजन से संवाद करेंगे, समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे तथा शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं के जमीनी क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष आकलन करेंगे।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के माध्यम से प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने के साथ-साथ मैदानी स्तर से प्राप्त फीडबैक के आधार पर प्रशासन के पर्यवेक्षण तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य केवल शिकायतों का निराकरण करना नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास एवं सहभागिता को मजबूत करते हुए सुशासन की अवधारणा को व्यवहार में उतारना है।

अभियान के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को प्रदेशभर में विशेष फील्ड भ्रमण किया जाएगा। इस दिन अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर किसी भी स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित नहीं होंगी तथा पूरा दिन केवल मैदानी भ्रमण, जनसंवाद एवं समस्याओं के निराकरण के लिए समर्पित रहेगा। भोपाल से लेकर संभाग एवं जिला स्तर तक सभी वरिष्ठ अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर नागरिकों से सीधा संवाद करेंगे और शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगे।

जिला कलेक्टर प्रत्येक भ्रमण क्षेत्र का चयन एक सप्ताह पूर्व करेंगे तथा इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों को देंगे। अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार मीडिया के माध्यम से किया जाएगा, जिससे अधिकाधिक नागरिक अभियान से जुड़ सकें। भ्रमण से पूर्व संबंधित क्षेत्र में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर उनके शत-प्रतिशत निराकरण का प्रयास किया जाएगा। भ्रमण के दौरान प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का भी यथासंभव मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। भ्रमण से पूर्व एवं भ्रमण के बाद लंबित प्रकरणों की तुलना कर जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा तथा अभियान की नियमित समीक्षा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव स्तर पर की जाएगी।

प्रत्येक शुक्रवार कलेक्टर जिले के अधिकारियों के साथ फील्ड भ्रमण करेंगे।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर सुविधाओं से सजेंगे निगम विद्यालय

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और सुविधाओं के विस्तार पर दिया विशेष बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम स्वामित्व के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बुधवार को नगर निगम शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों से शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं और विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली गई।



महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि निगम विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए सभी शिक्षक और अधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा विद्यालयों में आवश्यक विकास कार्य निरंतर कराए जा रहे हैं और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा, ताकि विद्यार्थियों को निजी विद्यालयों के समान गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

बैठक के दौरान प्राचार्यों ने बताया कि निगम द्वारा कराए गए अधोसंरचनात्मक विकास, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के कारण विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और प्रवेश संख्या में भी इजाफा देखने को मिला है। ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थी भी निगम स्कूलों में दाखिला लेने में रुचि दिखा रहे है।

बैठक में प्राचार्यों ने विभिन्न आवश्यकताओं से अवगत कराया। इनमें निगम छात्रावास से विद्यालय तक विद्यार्थियों के आवागमन हेतु वाहन, शिफ्ट वार चौकीदारों की व्यवस्था,भृत्य की नियुक्ति, रिक्त पदों पर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना तथा आवश्यक शैक्षणिक उपकरण एवं फर्नीचर की मांग शामिल थीं। जिसपर महापौर श्रीमती सूरी ने संबंधित अधिकारियों को मांगों का परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महापौर श्रीमती सूरी ने सभी प्राचार्यों एवं शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए नगर निगम विद्यालयों की प्रतिभाशाली टीम तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर का गौरव बढ़ा सकें। महापौर श्रीमती सूरी ने बैठक के दौरान नगर के अन्य शासकीय स्कूलों में निगम प्रशासन के माध्यम से कराए जा रहे विकास एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शेष स्कूलों के मरम्मत का कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि निगम प्रशासन का स्पष्ट उद्देश्य है कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर कटनी को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाया जाए।

बैठक के दौरान ए. रविंद्र राव विद्यालय के प्राचार्य मनोज चौधरी, साधुराम विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती सुमन लता तथा के.सी.एस. उमावि की प्राचार्या श्रीमती रूप भास्कर आदि उपस्थित रहीं।

## शराब पीकर वाहन चलाने पर तीन चालकों पर 30 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य तथा उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत तीन वाहन चालकों पर न्यायालय ने 30 हजार का अर्थदंड लगाया है।

यातायात पुलिस द्वारा विशेष जांच अभियान के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए तीन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरणों की सुनवाई के बाद न्यायालय ने तीनों चालकों पर 10-10 हजार रूपये कुल 30 हजार का अर्थदंड लगाया।

न्यायालय के आदेश के पालन में थाना यातायात कटनी द्वारा संबंधित वाहन स्वामियों को उनके वाहन सुपुर्द कर दिए गए हैं। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन अथवा निरस्तीकरण के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के समक्ष नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि शराब या किसी भी प्रकार के नशे की अवस्था में वाहन न चलाएं, निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।

## खबर संक्षेप



### जुगियाकाप में नशा मुक्ति के लिये किया जागरूक

**कटनी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड कटनी के सेक्टर क्रमांक 03 कन्हवारा की नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा तेजसिंह केशवाल के निर्देशानुसार एवं विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्रा के मार्गदर्शन में आदर्श ग्राम मड़ई के ग्राम जुगियाकाप में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बारडोली वेलफेयर सोसायटी के सेक्टर प्रभारी गनपत लाल द्वारा ग्रामीणों को समझाया गया कि नशे से दूर रहना क्यों जरूरी है इससे शारीरिक मानसिक व आर्थिक नुकसान ही होता है। तत्पश्चात नशा मुक्ति के नारों के साथ रैली का आयोजन किया और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई । इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के अध्यक्ष आर एल चौधरी, सचिव माया गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी, लक्ष्मी सिंह रघुवंशी, राजेश चौधरी, काशी विश्वकर्मा परामर्शदाता रामानुज पांडेय सहित समस्त सदस्यों और ग्रामीणों की सराहनीय भागीदारी रही।

### कीर्तिस्तंभ से निकाली गई श्रीजी की शोभायात्रा



**कटनी।** श्री 1008 नंदीश्वर विधान के समापन अवसर पर विश्व शांति महायज्ञ के पश्चात श्रीजी की भव्य शोभायात्रा महावीर कीर्तिस्तंभ से प्रारंभ होकर जवाहर चौक,कपड़ा बाजार,सुभाष चौक, मेन रोड़ जयदयाल रोड़, साधूराम हाईस्कूल के सामने से होते हुये सिंघई जी के मंदिर में पहुंची जहां पर श्रीजी का महामस्तकाभिषेक पूरी श्रद्धा भक्तिके साथ श्रद्धालुओं द्वारा किया गया धर्मप्रभावना हेतु निकाली गई शोभायात्रा में डी.जी. पर नृत्य कर रही महिलाये दो पालकी पर सवार श्रीजी, एवं पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष पंचम जैन, प्रमोद जैन कक्का पं.शैलेन्द्र जैन, विजय कुमार विश्व, अनिल जैन, गढ़ाकोटा, शांति सिंघई, सतेन्द्र जैन, धन्यकुमार सत्कार, आकेत जैन, सतीश जैन, शरद जैन पाटन, अनिल सिंघई,योगेश जैन, पदम जैन लहर, अनूप सिंघई, जितेन्द्र जैन, मनोज जैन, आलोक जैन, स्पप्निल जैन,के साथ बड़ी संख्या मे श्रद्धालुजनों ने शामिल होकर पुण्य लाभ लिया।

### बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन नामांकन 31 जुलाई तक

**कटनी।** भारत सरकार द्वारा बच्चों की विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने तथा देश के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के अंतर्गत बच्चों को साहस, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार के लिए पात्र बच्चे की आयु 18 वर्ष से कम होना आवश्यक है। 31 जुलाई तक ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की रूपरेखा बनाने 3 अगस्त को होगी बैठक

**कटनी।** आगामी 15 अगस्त को जिले में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह कार्यक्रम को सफल एवं सुचारू रूप से मनाये जाने हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा व व्यवस्थाओं की तैयारी हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार, 3 अगस्त को टीएल बैठक के पश्चात कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

---

प्रशासन ने कसा शिकंजा, अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना नंबर प्लेट वाहनों पर होगी राजसात की कार्रवाई

# खनिज माफियाओं की खैर नहीं, अब रात में भी होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले की खनिज संपदा के अवैध दोहन पर अब प्रशासन की निगाह और पैनी होगी। अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के साथ नियमों को ताक पर रखकर संचालित गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने निगरानी और कार्रवाई का दायरा और व्यापक करने का निर्णय लिया है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला टास्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक में खनिजों के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, वन मंडलाधिकारी गर्वित गंगवार सहित अन्य अधिकारी उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित मौजूद रहे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध खनन और परिवहन के मामलों में केवल औपचारिक कार्रवाई नहीं, बल्कि ऐसी प्रभावी कार्रवाई हो जो नियम तोड़ने वालों के लिए स्पष्ट संदेश बने। संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी, संयुक्त दलों की आकस्मिक कार्रवाई और तकनीकी माध्यमों से परिवहन की निगरानी को और मजबूत



करने पर विशेष जोर दिया गया।

### स्टॉक में गड़बड़ी की अब नहीं रहेगी गुंजाइश

जिले में स्वीकृत सभी खनिज भंडारण अनुज्ञप्तियों में दर्ज स्टॉक का ऑनलाइन रिकॉर्ड और मौके पर उपलब्ध वास्तविक मात्रा से भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। नए भंडारण के लिए आवेदन करने वालों को भूस्वामी की सहमति, वैध खनिज स्रोत और आईबीएम का मिनरल ट्रेडिंग लाइसेंस प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इस व्यवस्था से खनिज के स्रोत से लेकर उसके भंडारण तक पूरी प्रक्रिया की निगरानी मजबूत होगी और अवैध स्रोत से खनिज लाकर भंडारण करने की संभावनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

मुख्य खनिजों के नीलामी ब्लॉकों के लिए राजस्व, वन और ग्राम पंचायत से आवश्यक एनओसी प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त की जाएगी। इसके बाद आकलन समिति के माध्यम से प्रस्ताव निर्धारित समय-सीमा में भेजे जाएंगे। इसी तरह शासकीय भूमि पर गौण खनिजों के अनुसूची-5 के नवीन ब्लॉकों का चिन्हांकन कर नियमानुसार आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

खनिजों की परिवहन अनुज्ञा के संबंध में भी बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिले में टीपी का प्रदाय केवल स्वीकृत शासकीय निर्माण कार्यों की वास्तविक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ही किया जाएगा।

### शिकायत मिली तो संयुक्त टीम पहुंचेगी मौके पर

अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशील खदानों और चिन्हित क्षेत्रों में संयुक्त टीमों की सघन और रैंडम छापामार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई को अचानक और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों को कार्रवाई से बचने का अवसर न मिले।

### ओवरलोड और बिना नंबर प्लेट वाहनों की अब खैर नहीं

खनिज परिवहन में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर भी सख्त कार्रवाई होगी। बिना नंबर प्लेट चलने वाले वाहनों तथा क्षमता से अधिक खनिज परिवहन करने वाले ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर खनिज एवं परिवहन अधिनियम के तहत वाहनों को अधिग्रहित कर राजसात की कार्रवाई की जाएगी।

### ई-चेक पोस्ट से लेकर रात की सड़कों तक प्रशासन की नजर

खनिज परिवहन की निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए ई-चेक पोस्टों पर आवश्यक संकेतक एवं गति नियंत्रक (स्पीडोमीटर) लगाए जाएंगे। रात के समय होने वाले अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त दलों को सरप्राइज रेड के निर्देश दिए गए हैं।

यानी निगरानी अब केवल दिन के समय जांच तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि रात में भी संदिग्ध गतिविधियों पर प्रशासन की नजर रहेगी।

बैठक में खदानों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को भी विशेष प्राथमिकता दी गई। सभी स्वीकृत पट्टाधारकों को खदान परिसर में सघन वृक्षारोपण कराने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मजबूत तारफेंसिंग कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### ओवरलोड खनिज परिवहन करते 2 हाइवा वाहन जब्त, थाने में खड़े कराए गए वाहन

जिले में अवैध खनिज परिवहन पर शिकंजा कसते हुए खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विशेष अभियान के तहत ई-ट्रांजिट पास में दर्ज मात्रा से अधिक खनिज परिवहन करते हुए दो हाइवा वाहनों को जब्त किया गया है। उप संचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि मैदानी जांच के दौरान चेकिंग में हाइवा वाहन क्रमांक आरजे-18-जीडी-4656 को निर्धारित मात्रा से अधिक खनिज परिवहन करते पाया गया। तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर सुरक्षित अभिरक्षा हेतु थाना स्लीमनाबाद में खड़ा कराया गया। इसी क्रम में एक अन्य हाइवा वाहन क्रमांक एमपी-21-जेडडी-0703 को भी ओवरलोड खनिज परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इस वाहन को जब्त कर थाना कुठला के सुपुर्द किया गया है। दोनों मामलों में अवैध खनिज परिवहन के प्रकरण दर्ज कर लिए गए हैं तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई हेतु प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। यह कार्रवाई उपसंचालक खनिज आर.के. दीक्षित, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा एवं सहायक खनिज अधिकारी कमल कांत परस्ते द्वारा संयुक्त रूप से की गई।



---

*लंबित मामलों का आपसी सहमति से निराकरण कराने करें संपर्क*

# नेशनल लोक अदालत को लेकर बीमा कंपनियों व अधिवक्ताओं के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला न्यायालय कटनी के कॉन्फ्रेंस हॉल में बीमा कंपनियों के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक दोपहर 2 बजे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला न्यायाधीशगण सुश्री लीला लोधी, श्रीमती सुशीला वर्मा एवं सुश्री कल्पना मरावी द्वारा की गई।

### सुलह कराने का प्रयास

बैठक में विशेष रूप से मोटर दुर्घटना दावा (एमएसीटी) के लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों



के आपसी सहमति से निराकरण की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। न्यायाधीशगण ने उपस्थित अधिवक्ताओं एवं वर्चुअल माध्यम से जुड़े बीमा कंपनियों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लंबित प्रकरणों को चिन्हित कर आवेदकों एवं बीमा कंपनियों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में सुलह कराने के प्रयास करें। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि लोक अदालत से पूर्व प्री-सिटिंग (पूर्व बैठकें) आयोजित कर अधिक से अधिक मामलों में आपसी सहमति की शर्तें तय की जाएं, ताकि 12 सितंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों का अंतिम निराकरण संभव हो सके। बैठक में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं एवं अधिकारियों ने नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर श्रीमती मृणालिनी सिंह, व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी ने आम नागरिकों से अपील की कि जिनके मामले न्यायालय में लंबित हैं, वे आपसी समझौते के माध्यम से अपने प्रकरणों का निराकरण कराने हेतु संबंधित न्यायालय में संपर्क करें। साथ ही जिन व्यक्तियों के छोटे-मोटे विवाद न्यायालय तक नहीं पहुंचे हैं, वे भी प्री-लिटिगेशन के माध्यम से समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि जो पक्षकार अपने प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में कराना चाहते हैं, वे संबंधित न्यायालय, विभाग या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

---

### धंस गई सड़क, जोखिम भरा हुआ आवागमन



उमरियापान–ढीमरखेड़ा मुख्य मार्ग पर सिमरिया गांव के पास लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़क का करीब 10 फुट लंबा हिस्सा धंस गया है। सड़क पर बने गहरे गड्ढे के कारण आवागमन जोखिम भरा हो गया है।वाहन चालकों व राहगीरों में दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थान पर सड़क धंसी है, वहां तीखा मोड़ होने के कारण सामने से आने वाले वाहन अचानक दिखाई देते हैं। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटना की संभावना और बढ़ जाती है। बारिश के दौरान गड्ढे में पानी भर जाने से उसकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा कई गुना बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की जर्जर स्थिति और धंसे हिस्से की शिकायत कई बार स्थानीय प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हो सका है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि सड़क धंसने की जानकारी प्राप्त हुई है। संबंधित स्थान का जल्द निरीक्षण कर शीघ्र ही मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा।

---

# दिव्यांगजनों के संरक्षक नियुक्ति संबंधी प्रकरणों पर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एलएलसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिव्यांगजनों के संरक्षक नियुक्ति से संबंधित लंबित एवं नवीन प्रकरणों पर विस्तार से विचार-विमर्श करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में लंबित प्रकरण क्रमांक 1 के अंतर्गत दिव्यांग ममता की गार्जियनशिप के लिए उनके भाई विकास श्रीवास्तव को संरक्षक प्रमाण पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार प्रकरण क्रमांक 2 में गणेश प्रसाद बर्मन द्वारा दिव्यांग मीरा बर्मन की गार्जियनशिप हेतु प्रस्तुत आवेदन पर विचार किया गया। बैठक उपरांत कलेक्टर श्री तिवारी की सहमति से आवेदक को अपने दिव्यांग परिजन का संरक्षक नियुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई, जिस पर समिति के सदस्यों ने भी सहमति व्यक्त की।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एलएलसी बैठक**

### नवीन प्रकरणों पर निर्णय

प्रकरण क्रमांक 3 में प्रमोद तिवारी (पिता स्व. लक्ष्मी प्रसाद तिवारी) को उनके दिव्यांग भाई का संरक्षक नियुक्त किए जाने हेतु सहमति प्रदान की गई। वहीं प्रकरण क्रमांक 4 में आबिद शेख मंसूरी द्वारा नेशनल ट्रस्ट पोर्टल के माध्यम से संरक्षक प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया गया था, किंतु जिला कार्यालय के लॉगिन में आवेदन उपलब्ध न होने के कारण यह निर्णय लिया गया कि संबंधित प्रकरण जिला जबलपुर को प्रेषित किया जाए तथा वहीं से संरक्षक प्रमाण पत्र जारी किया जाए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने शेष प्रकरणों में समिति के सदस्यों की सहमति के अनुसार संरक्षक प्रमाण पत्र शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर, उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग श्री अनुराग मोदी, एनजीओ सदस्य राजीव कुमार रैकवार, दिव्यांग प्रतिनिधि मोहम्मद आरिफ तथा शासकीय अधिवक्ता रजनीश सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

---

*नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन*

# विद्यार्थियों ने रैली निकालकर नशे के दुष्परिणामों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्लीमनाबाद स्थित आदर्श विद्यापीठ हायर सेकेण्डरी स्कूल स्लीमनाबाद मे नशा मुक्त को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा स्कूल परिसर से ग्राम पड़वार तक रैली निकाली गईं। कार्यक्रम में खेल समन्वयक चेतना झा ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टॉप को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल समन्वयक चेतना झा ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति की आदत नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए संकट बन जाता है। नशे के कारण गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं, परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित



होती है और सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चे जागरूकता के सबसे प्रभावी माध्यम बन सकते हैं, क्योंकि उनकी बातों को परिवार में गंभीरता से सुना और माना जाता है।

उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि समाज में व्यवहार परिवर्तन लाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं भी नशीले पदार्थों की बिक्री, भंडारण अथवा अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन या पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्कूली विद्यार्थी नशे के दुष्परिणामों एवं नशे से दूर रहने का संदेश अपने परिवार, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों तक पहुंचाकर इस अभियान के सशक्त दूत बनेंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2029 तक देश को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ यह अभियान निरंतर संचालित किया जाएगा!

### एकजुटता है आवश्यक

उन्होंने कहा कि “जब समाज एकजुट होकर नशे के खिलाफ खड़ा होगा, तभी एक स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त भविष्य का निर्माण संभव हो सकेगा।इस दौरान प्रबंधक डॉ के एल हल्दकार, प्राचार्य पूजा शंकर पटेल, संतोष सोनी,नीलम हल्दकार, दीपिका यादव,वर्षा चौबे, सतीश कुशवाहा, शुभम मालिक सहित स्कूल स्टॉप ओर विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

---

**नागरिक सेवा पोर्टल से कर सकेंगे डिज़िटली ऑनलाइन भुगतान**

# ऑनलाइन भुगतान प्राप्ति प्रणाली के क्रियान्वयन के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पंचायत दर्पण पोर्टल पर ओएसआर प्रबंधन अंतर्गत विकसित ऑनलाइन भुगतान प्राप्ति प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन नागरिक सेवा पोर्टल के माध्यम से किए जाने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और जिले की समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच गण एवं ग्राम पंचायत सचिवों को दिए हैं।

गौरतलब है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नवीन ₹नागरिक सेवा पोर्टल₹ अंतर्गत ऑनलाइन पेमेंट गेटवे का प्रारंभ 14 जुलाई 2026 को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जा चुका है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित अन्य संस्थाएं जैसे बैंक, पेट्रोल पंप, वेयरहाउस, स्कूल, कॉलेज, उद्योग आदि जिनसे कर प्राप्त किया जाता है उन्हें भी निर्धारित ऑप्शन से ग्राम पंचायतों द्वारा पंजीकृत कर टैक्सेशन की कार्रवाई की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने जिले की शत प्रतिशत ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से प्रयोग में लाने हेतु पंचायत दर्पण पोर्टल पर स्वयं की लॉगिन आईडी से चरणबद्ध पालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश सर्व संबंधितों को दिए है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण नागरिक अपनी सुविधा के अनुसार विकल्प जैसे UPI ( PhonPe, Google Pay,BHIM आदि) डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग चुनकर भुगतान पूर्ण कर रसीद प्राप्त कर सकेंगे। इसके बाद उन्हें भुगतान का अधिकृत ई-मेल एवं SMS भी प्राप्त होगा। ग्रामीण जन उक्त सेवा का उपयोग एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर भी कर सकते हैं।

### श्रमिक नियोजन में वृद्धि हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता से प्रगतिरत कार्यों में तेज़ी लाने सीईओ ने दिये निर्देश

ग्राम पंचायतों में प्रगति रत निर्माण एवं विकास कार्यों को तेजी से कराते हुए स्थानीय श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराएं। सर्वोच्च प्राथमिकता से विकसित भारत-जी राम जी योजना अंतर्गत श्रमिकों के नियोजन में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने वी बी - जी रामजी योजना की वर्चुअली समीक्षा करते हुए समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी अधिकारियों को दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि स्वीकृत निर्माण एवं विकास कार्यों को तकनीकी मानकों का पालन करते हुए नियत समय में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत वार निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अद्यतन जानकारी ली। सुश्री कौर ने सिपरी सॉफ्टवेयर फॉर आइडेंटिफिकेशन एंड प्लानिंग ऑफ रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर पोर्टल पर प्रगतिरत कार्यों को अधिक से अधिक प्रदर्शित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वर्चुअल समीक्षा के दौरान अधिकारी कर्मचारियों ने सहभागिता की।

---

# बंदरी अंडरब्रिज के समीप 11 साल से खस्ताहाल सड़क के विरोध में केक काटकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा तहसील क्षेत्र में लगभग 11 वर्षो से खराब सड़क को लेकर युवा कांग्रेस नेता राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में बड़वारा बसाड़ी मार्ग में बंदरी अंडरब्रिज के समीप खराब सड़क पर केक काटकर 11 वी वर्षगांठ मना कर विरोध दर्ज करवाया गया राघवेंद्र सिंह ने बताया कि इस सड़क के निर्माण कार्य को लेकर लगातार 11 वर्षो से विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन देते आ रहे है लेकिन आज तक इस सड़क का सुधार कार्य नही किया गया है 1 किलोमीटर की सड़क इतनी बदहाल है कि स्कूल जाने वाले छात्र छात्राओं को यहाँ से आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है साथ ही राहगीरों को इस सड़क से निकलने में समस्या होती है यहाँ पर इतने बड़े बड़े गड्ढे हैं बारिश का मौसम भी है



इन गड्ढों में पानी भरा रहता जिससे सड़क के गड्ढों में वाहनों के फंस जाने की वजह से वाहन के पलटने की संभावना रहती है दो पहिया वाहन चार चक्का वाहन सभी खराब सड़क होने के कारण लहराकर चलते हैं जिससे कभी भी भयावह दुर्घटना घटित हो सकती है। एम्बुलेंस में बैठकर कोई महिला स्वास्थ्य केंद्र डिलेवरी करवाने जाती है तो इन गड्ढों की बजह से उस महिला को अत्यधिक प्रसव पीड़ा होती है ।यहाँ पर कई बड़े हादसे हुए है बाबजूद प्रशासन इस तरफ ध्यान नही दे रहा है यदि प्रशासन द्वारा इस सड़क का निर्माणकार्य जल्द पूरा नही करवाया जाता है तो प्रशासन को भारी विरोध का सामना करना पड़ेगा इस सड़क पर आए दिन सड़क हादसे होते है आए दिन राहगीरों को इस सड़क के कारण दुर्घटना का सामना करना पड़ता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवम ग्राम वासियों ने शीघ्र ही इस बदहाल सड़क को सुधरवाने की प्रशासन से मांग की है।

## खबर संक्षेप

### ओवरस्पीड वाहनों के विरुद्ध यातायात पुलिस की कार्रवाई

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के निर्देशन में दमोह यातायात पुलिस द्वारा जिले में यातायात नियमों के प्रभावी पालन एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 29.07.2026 को यातायात प्रभारी निरीक्षक दलबीर सिंह मार्को के नेतृत्व में जबलपुर रोड पर ओवरस्पीड वाहनों की सघन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करते पाए गए 7 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 7,000 प्रशमन शुल्क वसूल किया गया।

### गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का भव्य समापन, गुरु वंदन

**राजनगर।** शासकीय सांदीपनि मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजनगर में 15 से 29 जुलाई तक आयोजित गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का समापन गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का तिलक, पुष्प एवं वंदन कर भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा का भावपूर्ण निर्वहन किया।समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रचना पटेरिया तथा विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व शिक्षक श्री शत्रुघ्न द्विवेदी रहे।

# तेज बारिश से कुदपुरा–सर्रा मार्ग की पुलिया क्षतिग्रस्त, आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित कुदपुरा–सर्रा मार्ग पर स्थित पुलिया क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है दरअसल मंगलवार को हुई तेज बारिश के कारण लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाली एक पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से दोपहिया, चारपहिया एवं भारी वाहनों के आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने समय रहते सड़क एवं पुल-पुलियों का रखरखाव नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। लगातार हुई बारिश के कारण पुलिया के दोनों ओर सड़क का डामरीकरण भी बह गया है, जिससे मार्ग पर आवागमन और अधिक जोखिमपूर्ण हो गया है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय-समय पर सड़क और पुल-पुलियों की मरम्मत एवं रखरखाव किया जाता, तो ऐसी स्थिति से बचा जा सकता था। गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी मार्ग की उक्त पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। उस समय लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत कार्य कराकर पुलिया को पुनः यातायात योग्य बनाया गया था, लेकिन इस बार हुई मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर पुलिया को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों सहित इस मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग की एसडीओ मनीषा मोगनिया से चर्चा किए जाने पर उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त सड़क एवं पुल-पुलियों के सुधार कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। वर्क ऑर्डर जारी होते ही लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी क्षतिग्रस्त मार्गों और पुल-पुलियों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि कुदपुरा–सर्रा मार्ग की क्षतिग्रस्त पुलिया पर आवागमन को सुचारु बनाए रखने के लिए तत्काल पत्थर एवं बोल्डर डालकर अस्थायी सुधार कार्य कराया जाएगा, ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। विभाग का प्रयास है कि स्थायी मरम्मत कार्य शुरू होने तक मार्ग को यातायात के लिए सुरक्षित और चालू रखा जाए। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि बरसात के मौसम को देखते हुए क्षतिग्रस्त सड़क एवं पुल-पुलियों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए, जिससे भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका को टाला जा सके और आमजन को सुरक्षित एवं

# मेडिकल कॉलेज भर्ती में आरक्षण की अनदेखी का आरोप, एससी महासभा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



बरपटी स्थित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सीनियर रेसिडेंट के पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नियमों का पालन नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए एससी महासभा ने बुधवार दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर सभी वर्गों के लिए नियमानुसार एवं अनुपातिक आरक्षण के साथ दोबारा भर्ती कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली जाएगी।

एससी महासभा के संस्थापक एवं अध्यक्ष एडवोकेट प्रवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय बरपटी में सीनियर रेसिडेंट के कुल 45 पदों पर वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से भर्ती की जा रही है। उनका आरोप है कि इन पदों में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए केवल एक पद स्वीकृत किया गया है, जो वर्ग की जनसंख्या और आरक्षण प्रावधानों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने इसे अनुसूचित जाति वर्ग के साथ अन्याय बताते हुए भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाए।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भर्ती प्रक्रिया मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के आदेश पत्र क्रमांक 604/0286/17(1) दिनांक 8 अप्रैल 2026 तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 89/2-42/2007/1/55 पार्ट, दिनांक 12 जनवरी 2024 के तहत निर्धारित प्रक्रिया एवं पात्रता शर्तों के आधार पर संचालित की जा रही है। संगठन का आरोप है कि इन प्रावधानों के बावजूद आरक्षण नियमों की अनदेखी की गई है। एडवोकेट प्रवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के साथ केवल दिखावटी सहानुभूति दिखाई जा रही है, जबकि वास्तविक अधिकारों की लगातार अनदेखी हो रही है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी इस मामले में हस्तक्षेप कर न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित कराने की मांग की।

एससी महासभा ने कलेक्टर से मांग की है कि वर्तमान भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर सभी वर्गों के लिए विधिवत नियमानुसार एवं अनुपातिक आरक्षण के साथ नई भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कराई जाए। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष एड.प्रवेंद्र चंद्राकर, मनीष राज,दिलीप अहिरवार, विनय अहिरवार, साहिल सहित एससी महासभा के कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों ने किया पौधारोपण

**झलौन।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलौन में बुधवार को गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम के सेवानिवृत्त शिक्षक अर्जुन सिंह ठाकुर को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर शाल, श्रीफल एवं रोली लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के शिक्षकों ने भी गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता बताते हुए विद्यार्थियों को गुरु के प्रति सम्मान और समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि एवं विद्यालय परिवार द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में प्राचार्य अशोक साहू, शिक्षक रूप सिंह ठाकुर, गुड्डू प्रसाद, प्रेम सिंह ठाकुर, दिनेश जैन, सीताराम ठाकुर, भागचंद जैन सहित समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

**तेंदूखेड़ा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। यह शुभ कार्य मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक हरि मेहरा तथा विद्यालय के प्राचार्य पी.एल. रैकवार द्वारा संपन्न कराया गया। इसके उपरांत विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने माँ सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।



कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपने सभी गुरुजनों का तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर सम्मान किया। गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित इस आयोजन में वक्ताओं ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जीवन में सदैव अपने गुरुजनों का सम्मान करने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि हरि मेहरा ने शायरी एवं प्रेरणादायक प्रसंगों के माध्यम से गुरु की महत्ता का भावपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं श्रीमती अभिलाषा शर्मा, श्रीमती रजनी जैन, श्रीमती लक्ष्मी रैकवार तथा जी.पी. अहिरवार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए गुरु का मार्गदर्शन, आशीर्वाद एवं कृपा अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य पी.एल. रैकवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन के प्रत्येक चरण में जो भी व्यक्ति हमें सही मार्ग दिखाए, ज्ञान प्रदान करे और आगे बढ़ने की प्रेरणा दे, वही हमारा गुरु है। उन्होंने पौराणिक कथाओं एवं भारतीय संस्कृति के उदाहरणों के माध्यम से गुरु की श्रेष्ठता पर प्रकाश डालते हुए गुरु को प्रथम पूज्य बताया। इस अवसर पर छात्राओं ने जीवनभर अपने गुरुजनों का सम्मान करने एवं उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के गणेश सिंह, दीपक विदोल्या, श्रीपाल यादव, श्रीमती जानकी नेमा, श्रीमती सुरभि जैन, श्रीमती मंजू नामदेव, राजेश जैन, नरेंद्र अहिरवार, अरविंद यादव, सतीश खरे, वीरेंद्र यादव, संजय खरे, सुदीप अहिरवार, श्रीमती दिव्या अहिरवार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन आर्या जैन एवं सतीश खरे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन चंद्रशेखर हजारी द्वारा व्यक्त किया गया।

## केंद्रीय विद्यालय हटा में माँ सरस्वती प्रतिमा का अनावरण



**हटा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर केंद्रीय विद्यालय हटा में माँ सरस्वती की प्रतिमा का विधिवत अनावरण विधायक उमादेवी खटीक गरिमामय उपस्थिति में पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके उपरांत माँ सरस्वती का पूजन एवं प्रतिमा का अनावरण किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। अपने उद्बोधन में विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक ने विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विद्यालय के प्राचार्य श्री रितेश कुमार पटेल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की रूपरेखा श्री सचिन उपाध्याय ने तैयार की। मंच संचालन श्री सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी ने किया। संगीत निर्देशन नवल किशोर मिश्र, मंच सज्जा सूर्यकांत भोई तथा आयोजन में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, भोले सराफ सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विद्यालय से सुश्री मानसी श्रीवास्तव एवं सुश्री अंबिका शाक्य का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर स्कूली बच्चों ने अपने शिक्षकों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

समीपी ग्राम देवरी लीलाधर की एकीकृत माध्यमिक शाला में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कलश स्थापना और मां सरस्वती का पूजन के साथ बच्चों ने सभी शिक्षकों का तिलक तिलक लगाकर और, गुरु महत्व के उद्बोधन देकर सम्मान किया, वही शिक्षकों ने भी गुरु पूर्णिमा के महत्व को विस्तार से समझाया. शाला प्रभारी मनोहर सिंह ने गुरू की महिमा का अपने शब्दों में बखान करते हुए कहा कि गुरु उस दीपक के समान है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है, गुरु के बिना ज्ञान की कल्पना करना निरर्थक है ,गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है इसलिए यह पूर्णिमा गुरु/शिक्षकों के सम्मान के लिए समर्पित होती है. इस अवसर पर कल्पना लोधी, मनोज रैकवार,पुष्पेंद्र अहिरवार और मालती लोधी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## पूर्व कृषि विस्तार अधिकारी प्रताप सिंह का निधन

**दमोह।** भाजपा दमोह के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय बद्री सिंह ठाकुर एवं बाँसातारखेड़ा के पूर्व सरपंच रामजी सिंह के भाई, जिला अधिवक्ता संघ दमोह के उपाध्यक्ष शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह के पूज्य चाचाजी तथा नीतेश सिंह (गोलू) के पूज्य पिताश्री, सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी प्रताप सिंह का 29 जुलाई 2026 को इंदौर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान दुःखद निधन हो गया। स्वर्गीय श्री प्रताप सिंह अपने सरल, सौम्य एवं मिलनसार व्यक्तित्व तथा कर्तव्यनिष्ठ कार्यशैली के लिए जाने जाते थे। अंतिम यात्रा 30 जुलाई 2026 (गुरुवार) को प्रातः 8:30 बजे क्रिश्चियन कॉलोनी स्थित उनके निज निवास से प्रारंभ होगी तथा प्रातः 9:00 बजे सुरेका कॉलोनी मुक्तिधाम, दमोह में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

## टाईम्स पब्लिक स्कूल में गुरू पूर्णिमा पर हुआ आयोजन

**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रध्दा-सुमन एंव भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ संरस्वती वंदना के साथ किया। इसके पश्चात आकर्षक एंव प्रेरणादायक नाटक, नृत्य और प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने वहाँ उपस्थित जनों का मन मोह लिया जिसने गुरू-शिष्य परपरा के महत्व को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने सभी गुरूजनों का सम्मान करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने गुरूजनों के प्रति सम्मान, अनुशासन, संस्कार एंव आदर की भावना विकसित करना था। गुरु केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक होते हैं। माता-पिता हमें जीवन देते हैं, जबकि गुरू हमें जीवन जीने की सही कला सिखाते हैं। विद्यार्थियों को सदैव अपने गुरूजनों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि उनके मार्गदर्शन से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। गुरू पूर्णिमा हमें अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके बताए आदर्शों पर चलने की प्ररेणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य श्री अजय मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जिसमें अंहकार होता उसको कभी ज्ञान की प्राप्ति नही होती है।




## ग्राम रामादेही में एक माह से जला ट्रांसफार्मर, सुधार की मांग

**तेन्दूखेड़ा।** ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम रामादेही के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से गांव का जला हुआ ट्रांसफार्मर तत्काल बदलने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार गांव का विद्युत ट्रांसफार्मर लगभग एक माह पूर्व जल गया था, लेकिन अब तक नया ट्रांसफार्मर स्थापित नहीं किया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा कई बार मौखिक रूप से विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत एवं अनुरोध किया गया, किंतु समस्या का समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि वे नियमित रूप से घरेलू एवं कृषि पंपों के बिजली बिल जमा करते हैं, इसके बावजूद उन्हें मूलभूत विद्युत सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। वर्तमान वर्षा ऋतु में पेयजल संकट गहरा गया है, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तथा रात्रि के समय अंधेरे के कारण जहरीले जीव-जंतुओं, मच्छरों और उमस से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्त ग्रामवासियों ने कनिष्ठ अभियंता, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, तेन्दूखेड़ा से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए ग्राम रामादेही का जला हुआ ट्रांसफार्मर अतिशीघ्र बदलवाकर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## गुरुपूर्णिमा पर उमड़ा श्रद्धा का सागर,

**दमोह।** स्थानीय अथाई आमचौपरा मार्ग पर स्थित श्रीदेव रासबिहारी राधाकृष्ण मंदिर में चल रहे गुरु पूर्णिमा महा महोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा का आज बिश्राम हो गया भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से भी श्रेष्ठ स्थान प्रदान किया गया है गुरु ही वह दिव्य शक्ति हैं जो अज्ञानरूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित गुरुपूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों एवं नगरों से पहुंचे सैकड़ों शिष्यों एवं श्रद्धालुओं ने अपने पूज्य कथाव्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज का विधिवत पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य गुरु चरण पूजन से हुआ शिष्यों ने पुष्पमालाएं अर्पित कर, चरण वंदन कर एवं आरती उतारकर अपने गुरु के प्रति श्रद्धा एवं समर्पण व्यक्त किया सम्पूर्ण परिसर जय गुरुदेव के उद्घोष से गूंज उठा गुरु पूजन के दौरान श्रद्धालुओं की भाव-विभोर अवस्था यह दर्शा रही थी कि सनातन संस्कृति में गुरु का स्थान कितना महान और सर्वोच्च है गुरु केवल मंत्र देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला पथप्रदर्शक होता है गुरु शिष्य के अंतःकरण में छिपे दिव्य ज्ञान को जागृत कर उसे धर्म, सत्य, संयम एवं ईश्वर भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करता है उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सूर्य संसार का अंधकार दूर करता है, उसी प्रकार सद्गुरु जीव के अज्ञान का नाश कर आत्मज्ञान का प्रकाश प्रदान करते हैं उन्होंने कहा कि महर्षि वेदव्यास जी ने वेदों का विभाजन कर, अठारह पुराणों तथा महाभारत की रचना कर सम्पूर्ण मानव समाज पर महान उपकार किया इसी कारण गुरुपूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है इस दिन गुरु की पूजा करना, उनका सम्मान करना एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना प्रत्येक सनातनी का परम कर्तव्य है गुरुपूर्णिमा महोत्सव के साथ-साथ आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भी अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ समापन हुआ अंतिम दिवस में श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य कथाओं का श्रवण मनुष्य के समस्त पापों का नाश करता है तथा जीवन को धर्ममय एवं आनंदमय बनाता है कथा के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर भजन-कीर्तन में भाग लिया और भगवान के दिव्य नाम का संकीर्तन किया।

# पतंजलि योग समिति ने गुरु पूर्णिमा पर किया हवन-पूजन

**दमोह।** पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान, महिला पतंजलि योग समिति एवं किसान सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जटाशंकर पहाड़ी स्थित सर्किट हाउस परिसर के श्री भगवान दत्तात्रेय मंदिर योग वाटिका में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः योग शिविर से हुई, जिसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन संपन्न हुआ। उपस्थित साधकों एवं पदाधिकारियों ने गुरु परंपरा का स्मरण करते हुए गुरुजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की तथा भारतीय संस्कृति और योग के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया।इस अवसर पर मध्यप्रदेश दान संग्रह प्रभारी डॉ. केदारनाथ शर्मा, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी पं. कृष्ण कुमार परौहा, महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी श्रीमती सरस्वती धुर्वे, संगठन मंत्री विश्वनाथ सिंह धुर्वे, पटेरा तहसील प्रभारी पं. राजू दुबे, राजेश नेमा, कपिल रैकवार एवं रामसेवक सोनी सहित अनेक पदाधिकारी एवं योग साधक उपस्थित रहे।

### चंदला में विवाहिता की संदिग्ध मौत

**चंदला।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका चांदनी अंसारी पत्नी फिरोज मंगलवार शाम करीब 7 बजे अपने घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बुधवार सुबह मृतका के मायके पक्ष के लोग बांदा से चंदला पहुंचे और स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की तैयारी चल रही थी। इस दौरान शव को लेकर मायके और ससुराल पक्ष के बीच विवाद की स्थिति बन गई। मायके वाले शव को अपने साथ बांदा ले जाने की मांग कर रहे थे, जबकि ससुराल पक्ष अंतिम संस्कार चंदला में ही करने पर अड़ा रहा।

# नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए अभिशाप हैः आईजी



**दमोह।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0₹ अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 29.07.2026 को जिला दमोह में एक वृहद जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक सागर रेंज मिथलेश शुक्ला, उप पुलिस महानिरीक्षक सागर रेंज श्री शशीन्द्र सिंह चौहान तथा पुलिस अधीक्षक जिला दमोह आनंद कलादगि (भा.पु.से.) की गरिमामयी उपस्थिति रही। पुलिस महानिरीक्षक सागर रेंज मिथलेश शुक्ला एवं उप पुलिस महानिरीक्षक सागर रेंज शीशेन्द्र सिंह चौहान ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं आमजन को संबोधित करते हुए नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए अभिशाप है। यह युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बनाकर परिवार की आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक स्थिति को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक जिला दमोह श्री आनंद कलादगि (भा.पु.से.) ने अपने संबोधन में ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0₹ अभियान के अंतर्गत जिला दमोह पुलिस द्वारा अब तक किए गए जन-जागरूकता प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। अब तक के जागरूकता कार्यक्रम का शार्ट वीडियों का एलईडी पर प्रसारण किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से जिलेभर में विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों, धार्मिक स्थलों, औद्योगिक क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थानों पर निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। साथ ही सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं अन्य ऑनलाइन माध्यमों के जरिए भी अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यमों से लाखों नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन तक नशामुक्ति का संदेश पहुँचाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता ही इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति है और सभी नागरिकों के सहयोग से नशामुक्त समाज के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त किया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान ड्रामा टीम के कलाकारों द्वारा प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिसमें नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों को मार्मिक ढंग से प्रदर्शित किया गया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशे की लत व्यक्ति को धीरे-धीरे विनाश की ओर ले जाती है, जबकि नशामुक्त जीवन ही स्वस्थ, सुरक्षित एवं सफल भविष्य का आधार है। इस प्रस्तुति ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं आमजन को भावुक करते हुए नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश दिया। इसके उपरांत अभियान के अंतर्गत पूर्व में आयोजित क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, रस्साकसी, चित्रकला, निबंध एवं अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति-पत्र, मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने सभी विजेताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें समाज में नशामुक्ति अभियान के प्रेरक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी नागरिकों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों से नशामुक्त, स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया गया।

## संत रविदास जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिले के 24 मंडलों में संत शिरोमणि रविदास भगवान के मंदिरों में श्रद्धा एवं आस्था के साथ दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल में सभी बूथ केंद्रों पर जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक रामेश्वर चौधरी के मार्गदर्शन में एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, साथ ही नया बाजार नंबर 3 में प्रमुख दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलित कर संत रविदास जी के आदर्शों को स्मरण किया गया तथा सामाजिक समरसता और समानता का संदेश दिया गया। जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का मार्ग दिखाया है। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। संत रविदास जी के आदर्शों को अपनाकर ही हम एक समरस और सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री महेंद्र अहिरवार, पार्षद गणेश जाटव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा राज, संतोष रोहित, मंडल उपाध्यक्ष आशीष राय, देवल कटारिया, अखिलेश चोबे, अशोक भारती, करण सूर्यवंशी, उत्तम इंडिया, डीके रोहित, गुलशन जाटव, राजेंद्र राज, सहित अनेक कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित रहे।

132 वाँ मृदंगाचार्य पण्डित नाना साहेब पानसे स्मृखति गुरु पूर्णिमा संगीत समारोह की प्रातः कालीन संगीत सभा

# राग मेघ से वर्षा के सौंदर्य को सुरों में पिरोया, नृत्यग रूपों में गुरु की वंदना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, मध्यमप्रदेश शासन, संस्कृसति विभाग द्वारा जिला प्रशासन – दमोह एवं उत्थारन साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृंतिक संस्थान ग्राम – बकायन, जिला – दमोह के सहयोग से 132 वाँ मृदंगाचार्य पण्डित नाना साहेब पानसे स्मृ ति गुरु पूर्णिमा संगीत समारोह का शुभारंभ बुधवार की शाम को ग्राम बकायन, जिला दमोह में हुआ। शुभारंभ से पूर्व प्रातःकालीन संगीत सभा के अंतर्गत नृत्यस एवं गायन की प्रस्तु तियां हुईं। इसमें सबसे पहले सुश्री हृदयांशी केतकर, ग्वा लियर का कथक नृत्य हुआ। उन्होंने पहली प्रस्तुति में शिव रुद्राष्टकम प्रस्तुत किया गया। जिस प्रकार हमारे हिंदू सनातन सभ्यता में किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत भगवान का स्मयरण कर उनकी पूजा आराधना के साथ होती है उसी तरह शिव रुद्राष्टकम के माध्यम से भगवान शिव की आराधना करके प्रस्तुति का आरंभ हुआ, जिसके बोल नमामि शमीशान निर्वाण रूपम.... थे। दूसरी प्रस्तुति में जयपुर घराने का पारंपरिक नृत्यआ प्रस्तुत किया गया, जिसमें कथक का तकनीकी पक्ष था। तीन ताल में आमद, उठान, कायदे, तोड़े, परण, कवित्त एवं तिहाईयाँ शामिल थीं। अंतिम प्रस्तुाति पारंपरिक ठुमरी की रही, जिसके बोल रोके डगरिया थाड़ो.... थे। इसमें कथक के भाव पक्ष को दिखाया। अगली प्रस्तुति सुश्री श्रद्धा जैन, भोपाल के शास्त्री य गायन की रही। उन्हों ने अपने गायन के लिए मौसम के दृष्टिगत राग मेघ को चुना। वर्षा ऋतु में गाये जाने वाले इस अति मधुर राग में उन्हों ने बड़ा खयाल एक ताल से शुरुआत की, जिसके बोल थे बदरवा बरसे बिजुरी चमके.... थे। वहीं, छोटा खयाल एक ताल में ही छरी पल छिन.... प्रस्तुसत किया। इसके बाद एक ताल में तराना प्रस्तु त करते हुए पायो जी मैंने राम रतन धन पायो.... भजन के साथ प्रस्तुटति को विराम दिया। उनके साथ तबले पर श्री मनोज पाटीदार ने संगत की। प्रातःकालीन सभा की अंतिम प्रस्तुाति चक्रधर नृत्य. केन्द्रथ, भोपाल द्वारा कथक नृत्ये की रही। गुरु सुश्री अल्पनना वाजपेयी के निर्देशन में केन्द्रत के शिष्योंत ने प्रभावपूर्ण नृत्यल प्रस्तु तियां दीं। प्रस्तुनति का शुभारंभ राग चारूकेशी में निबद्ध कबीरदास रचित गुरु पद गुरु चरण कमल बलिहारी.... पर नृत्यप प्रस्तुरति से हुआ। इसके बाद झपताल में रायगढ़ घराने की बंदिशों के माध्यचम से शुद्ध कथक की प्रस्तुति दी। अगले क्रम में अभिनव के अंतर्गत ठुमरी की प्रस्तुति दी, जिसके बोल थे काहे करत मो से परजोरी.... थे। जो राग खमाज एवं ताल झपताल में निबद्ध थी। अगली प्रस्तु ति में नृत्यत का तकनीकी पक्ष दर्शाया, जिसमें तोड़े, टुकड़े, गत निकास, परण इत्योदि शामिल थे। अंत में राग मेघ में निबद्ध मेघ श्याम घननम श्यानम.... से प्रस्तु ति को विराम दिया। इस प्रस्तुमति में सितार पर श्री अनिरुद्ध जोशी, तबले पर श्री अभिजीत गढ़ेकर, गायन में श्री मुनि मालवीय एवं पढ़ंत पर गुरु सुश्री अल्प.ना वाजपेयी ने संगत की।

# हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के लिये किया पौधारोपण

## प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अन्य न्यायाधीशगणों की उपस्थिति में पौधारोपण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी की उपस्थिति में उल्लास एक अभिनव प्रयोग के अंतर्गत गोवर्धन पर्वत बांदकपुर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त पौधारोपण कार्यक्रम में, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) उदय सिंह मरावी, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो विश्वनाथ शर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उषाकांता कृषाण, आज्ञा अग्रवाल, दीर्धा ऐरन, नीलेश मुलतकर, पलक सिंघई दिवाकर, उत्कर्ष दिवाकर, न्यायाधीशगण सहित, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, मंदिर कमेटी से रामकृपाल पाठक, श्री शिवम पाठक, अभिनव पंडित, पीयूष पंडित, वासु पंडित एवं न्यायालीन / विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण शासन ही नहीं वरन हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी होने के साथ नागरिक का मूल कर्तव्य भी है प्रत्येक नागरिक को जीवन में कम से कम वर्ष में अपने जन्मदिवस पर पौधा आवश्यक रूप से लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिये, क्योकि प्रकृति हमें निःस्वार्थ भाव से बहुत कुछ देती है किंतु हम प्रकृति को कुछ भी नहीं लौटाते, यदि हम पर्यावरण को संरक्षित करना चाहते है तो हमें स्वयं पौधारोपण की पहल चलाकर सभी को पौधारोपण के लिये संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संतुलन हेतु पौधारोपण किये जाने के साथ ही पौधो के संरक्षण का संकल्प लिया।

# धूमधाम से मनाया गया गुरू पूर्णिमा का पर्व

## नीम वाले बाबा साहेब की दरगाह पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



गुरुओं के प्रति सम्मान और आदर के भाव प्रकट करने का पर्व गुरु पूर्णिमा आज श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आज सभी स्थानों में मनाया गया। बुधवार को गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए श्रद्धालु अपने गुरुओं से आशीर्वाद लेने मंदिरों और आश्रमों में पहुंचें। इस अवसर पर उपकाशी के धार्मिक स्थलों में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का संगम देखने को मिलेगा। मंदिरों में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान, भंडारा, और भजन संध्या के कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर के मां चंडी जी मंदिर प्रांगण में पं.वीरेन्द्र शास्त्री जी महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां पर नगर व समूचे क्षेत्र से हजारो शिष्यों नें पहुंचकर गुरू का पूजन वंदन कर आरती उतारकर आशीर्वाद लिया।वहीं गुरू द्वारा सभी शिष्यों को भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें सभी नें प्रसाद ग्रहण किया इसके अलावा गौरीशंकर मंदिर पीताम्बरा पीठ प्रांगण में परम पूज्य गुरूदेव बाबूजी की मूर्ति के समक्ष उनके शिष्यों नें चरण पादुका का पूजन कर आशीर्वाद लिया।नगर में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस बर्ष भी हजरते सैयद नीम वाले बाबा साहेब की दरगाह पर गुरू पूर्णिमा पर्व पर सुबह से बाबा के भक्तो द्वारा बाबा को पंचामृत से शाही स्नान कराकर अभिषेक किया एवं बाबा की दरगाह पर चौक चंदन एवं रंगौली सजाकर कलश बंदनवार बांधकर दरगाह को सजाया गया एवं बाबा को पगडी. बांधकर उनकी पूजा अर्चना कर शंख झालरों के साथ आरती वंदना की गयी एवं मालपुआ का भोग लगाकर दरगाह पर हाजिर भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया।वही गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर नगर के गायत्री शक्ती पीठ मंदिर मे सुबह से ही गायत्री परिजनो को आना जाना रहा एवं हवन पूजन कार्य सम्पन्न हुआ पीत वस्त्रधारी शिष्यों माताओं बहनों ने पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ में स्वास्थ्य संवर्धन अनिष्ट निवारण एवं जल वर्षा हेतु वरुण देवता को अपनी आहुतियां समर्पित की। पावन स्मारकों प्रखर प्रज्ञा एवं सजल श्रद्धा पर युग ऋषि का पूजन अर्चन वंदन कर सभी परिजनों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोगो द्वारा दीक्षा ग्रहण की गई।

## विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव



**दमोह।** जय श्रीमन नारायण। योगिराज देवरहा बाबा सिद्ध आश्रम, कृष्णाम्बरा पीठ, तहसील हटा, जिला दमोह में बुधवार को गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रातः 9 बजे से ही श्रद्धालुओं एवं शिष्यों का आश्रम में आगमन प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम के दौरान प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक नए शिष्यों को गुरु दीक्षा एवं शरणागति प्रदान की गई। इसके साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। महोत्सव में मां राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी का श्रीसूक्त के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सहस्रार्चन कराया गया। वैदिक विद्वानों द्वारा विश्व शांति, मानव कल्याण, सभी के सुख, उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि की मंगलकामना के साथ विशेष अनुष्ठान संपन्न कराया गया। आध्यात्मिक वातावरण और श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता के बीच गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव का समापन हुआ। आयोजन के अंत में विश्व के समस्त प्राणियों के सुख, समृद्धि एवं निरोगी जीवन की कामना करते हुए सभी श्रद्धालुओं ने गुरुचरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की।

# गुरु के बिना ज्ञान नहीं: उपाध्याय विशेषसागर

**पथरिया**-जिसके जीवन में गुरू नहीं उसका जीवन शुरु नहीं, गुरु के बिना ज्ञान नहीं होता, गुरु से बढ़कर इस दुनियों में कोई नहीं है गुरु ही भगवान का स्वरूप बताते है, गीता ग्रंथ में गुरु शब्द को महामंत्र कहा है उक्त उद्गार प.पू. विरागकीर्ती उपाध्याय श्री 108 विशेषसागर जी मुनिराज ने बडे जैन मंदिर पथरिया मे धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा। उपाध्याय श्री ने आगे कहा जो गुरु का सम्मान करता है वह भी एक दिन महान बनता है,आगम मे उल्लेख है गुरु के प्रसाद से विद्या व मंत्रो की सिद्धी होती है , जिसके सर पर गुरु का आशीष होता है दुनिया उसके साथ होती है। गुरु याने हितैषी,शुभचिंतक,मार्गदर्शक,उपकारक तीन प्रकार के गुरु होते है जन्म देने वाले माता पिता, शिक्षा गुरु, धर्मगुरु या दीक्षा गुरु इन तीन के उपकारों को कभी नहीं भुलना चाहिए, माता-पिता हमें और आपको संसार में लाये, शिक्षा गुरु से लौकिक ज्ञान प्राप्त हुआ और धर्म गुरु से पारलौकिक व आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त होता है।आज गुरु का नहीं शिष्य का दिन है आज के दिन जैन दर्शन के अनुसार इन्दभुति गौतम को गुरु के रूप में भगवान महावीर स्वामी मिले थे । गुरु के दर्शन करते ही उन्हें वैराग्य उत्पन्न हो गया था इन्दभुति गौतम ने तत्काल वस्त्र आदि का त्याग कर निर्ग्रंथ दीक्षा को स्वीकार किया था , उस दिन से गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया जाता है। पू. गुरुदेव गणाचार्य श्री विरागसागर जी महामुनिराज हमेशा कहते थे कि गुरु भक्तों की कभी कुसमाधि नहीं हो सकती अर्थात गुरुभक्तो का कभी कुमरन नही हो सकता हम ( महाराष्ट्र ) से लगभग 1125 कि. मी बिहार कर पथरिया में विरागोदय के दर्शन करने व उनकी जन्म भूमि व तपोभूमि में उनकी ऊर्जा व पुण्य वर्गणा ग्रहण करने आये है और पू.गुरुदेव से प्रार्थना करते है,जिस प्रकार आपने समता भाव के साथ इस देह का त्याग किया मुझे भी ऐसी शक्ति दें जब भी अंत समय आये हे गुरुदेव आपका स्मरण करते हुए समता भाव पूर्वक इस देह का त्याग करें। इस अवसर पर स्थाई समाज व (महाः) में पधारे भक्तों द्वारा गुरुदेव की विशेष भक्ति व आराधना की गई ।

# गल्ला व्यापारियों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, तीन दुकानें सील

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशानुसार जिलेभर में विभिन्न संस्थानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच अभियान जारी है। इसी क्रम में हटा एसडीएम राकेश मरकाम के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने पटेरा नगर में संचालित गल्ला व्यापारियों की दुकानों का निरीक्षण किया। तहसीलदार उमेश तिवारी, नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल एवं राजस्व अमले की उपस्थिति में मंडी लाइसेंस, वैध दस्तावेज और अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई। जांच के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर असाटी कृषि फार्म (संचालक दीपेश असाटी), सुधा ट्रेडर्स (संचालक गणेश उपाध्याय) एवं असाटी ट्रेडर्स (संचालक धीरज असाटी) की दुकानों को वैध लाइसेंस एवं दस्तावेजों के अभाव में सील कर दिया गया। वहीं, एक अन्य गल्ला दुकान की जांच के दौरान परिसर में कोई माल नहीं मिला, जिस पर जांच दल ने नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध जांच एवं कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# विद्युत की कटौती से परेशान लोगों ने किया चक्काजाम



**पथरिया।** विगत दिनों से लोड सेटिंग के चलते रात्रि में विधुत कटौती को लेकर नगर के संजय चौराहे पर लोगों चक्काजाम किया जानकारी लगते ही मौके पर तहसीलदार और बिजली विभाग के अधिकारी पहुंचे और बताया कि आपकी मांग को ऊपर अधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा।

# गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा विश्वास और समर्पण का प्रतीक



**दमोह।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी साकेत धाम में गुरु पूर्णिमा का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर पधारे शिष्यों ने हवन पूजन किया कार्यक्रम का शुभारंभ सदगुरु देव भगवान की पादुका पूजन और आरती से हुआ कार्यक्रम में पधारे शिष्यों को संबोधित करते हुए जैसे ही राकेश चतुर्वेदी लाला जी महराज ने बताया कि उज्जैन के पांणनी विश्वविद्यालय द्वारा श्री भगवान वेदांताचार्य जी को डाक्टर (पीएचडी)की उपाधि प्रदान की गई है तो पूरा हाल करतल ध्वनि से गूंज उठा श्री भगवान वेदांताचार्य जी ने बनारस से दूर भाषा पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु के बिना मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं हो सकती गुरु मनुष्य के कल्याण की आधारशिला है।लाला जी महराज ने इस पर्व को श्रद्धा विश्वास और समर्पण का प्रतीक निरुपित किया कार्यक्रम में पं मनोज देवलिया तथा दमोह के खली के नाम से विख्यात बद्री विश्वकर्मा की विशेष उपस्थिती रही कार्यक्रम का समापन विशाल भंडारे से हुआ कार्यक्रम में लखन आरती चौरसिया जगदीश गायत्री मिश्रा, घनश्याम चौरसिया मनोज गुप्ता तथा महामंगल सेवा समिति का सराहनीय योगदान रहा।

**शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक का शुभारंभ-** दमोह। 30 जुलाई श्रावण मास के पावन अवसर पर नंदीश्वर महादेव नंदीवन मंदिर परिसर में आज से पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक का शुभारंभ होगा आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक शिवलिंग निर्माण तथा 9 बजे से 11 बजे तक वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक संपन्न कराया जाएगा जिसमें श्रद्धालु सहभागी बनकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे आयोजन समिति ने बताया कि 4 अगस्त से 14 अगस्त तक प्रतिदिन श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथाव्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज करेंगे कथा में भगवान शिव की महिमा, शिवभक्ति, धर्म, संस्कार तथा सनातन संस्कृति के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण एवं शास्त्रसम्मत वर्णन किया जाएगा. आयोजन के प्रमुख सहयोगी बबलू यादव एवं आनंद चौहान ने समस्त शिवभक्तों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं शिवमहापुराण कथा में सहभागिता करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है ।

सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान....

# मॉडल स्कूल में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन



**दमोह।** लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतिम दिवस सांदीपनि मॉडल स्कूल में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कर उनके अनुभवों से विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक प्रकाश गर्ग (कुण्डलपुर), महेश जैन, देवेंद्र जैन, राजेंद्र दुबे एवं अरविंद परिहार (पटेरा) को आमंत्रित कर शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथियों में हरिभूमि के जिला ब्यूरो प्रमुख नरेंद्र बजाज, नगरपालिका उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, पार्षद पुष्पेंद्र सोनी, समाजसेवी मुन्ना अवधिया तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अंकित व्यास उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से अपने गुरुओं का सम्मान करने और उनके आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। गुरु पूर्णिमा महोत्सव ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं गुरु के प्रति श्रद्धा का संदेश प्रदान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन कमलेश शर्मा ने माना।

## निःशुल्क दर्द निवारक शिविर में अनेक मरीज हुये लाभान्वित

**दमोह।** स्वर्गीय कमल कुमार जैन की पुण्यतिथि पर सम्यक हेल्थ केयर सेंटर आशीर्वाद गार्डन के पास दिनांक 29 जुलाई 2026 बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5 बजे तक निःशुल्क दर्द निवारक शिविर का आयोजन पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया के मुख्य आतिथ्य में किया गया इस अवसर पर प्रारंभ में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ स्वर्गीय श्री कमल कुमार के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि इस तरह के शिवरों में अनेक लोग जहां लाभान्वित होते है वहीं स्वयं भी इस पद्धति को अपना कर शहर एवं बाहर से आएं सभी मरीजों को शुभकामनाएं दी। शिविर में जबलपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक रमेश चड्ढा जो दुर्लभ जड़ी बूटियों के लेप के माध्यम से अनेक मरीजों के लकवा घुटनों का दर्द साइटिका का निःशुल्क इलाज किया। साथ ही शिविर में जबलपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राहुल राजपूत ने भी फ्रोजन शोल्डर,सवाईकल दर्द,घुटनों का दर्द का भी उपचार किया। शिविर में आयोजक डॉ.अकलेश जैन ने आगामी समय में और भी विशेषज्ञ डॉक्टरों को साथ लेकर जनहित में भव्य शिवरों को आयोजन किया जाएगा ।

# तेजगढ़ आरोग्यम मंदिर में पानी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ



तेंदुखेड़ा विकासखंड के तेजगढ़ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (आरोग्यम मंदिर) में मूलभूत सुविधाओं का अभाव मरीजों के लिए बड़ी परेशानी बन रही। लाखों रुपये की लागत से निर्मित इस स्वास्थ्य केंद्र में पिछले लगभग एक महीने से पानी की व्यवस्था ठप पड़ी है। मोटर पंप खराब होने के कारण भर्ती मरीजों, प्रसूताओं और अस्पताल स्टाफ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को अस्पताल में हैरान करने वाला दृश्य देखने को मिला, जब भर्ती मरीजों के परिजन अपने घरों से पानी के डिब्बे और केन भरकर अस्पताल पहुंचते नजर आए। अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं के परिजनों का कहना है कि पानी नहीं होने के कारण उन्हें स्वयं व्यवस्था करनी पड़ रही है। स्थानीय निवासी जन्मेजय गौतम और प्रमोद सिंह (कोटखमरिया) ने बताया कि वे अपनी महिलाओं को प्रसव तेजगढ़ अस्पताल लेकर आए थे। अस्पताल स्टाफ ने उन्हें बताया कि अस्पताल में पानी उपलब्ध नहीं है, इसलिए मरीजों को तेंदुखेड़ा या दमोह रेफर करना पड़ सकता है। इसके बाद परिजन मजबूरी में घर से पानी लेकर अस्पताल पहुंचे। परिजनों के अनुसार अस्पताल का मोटर पंप करीब एक महीने से खराब पड़ा है। इस दौरान न केवल मरीज बल्कि डॉक्टरों और स्टाफ को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। तेजगढ़ अस्पताल पर लगभग 84 गांवों की स्वास्थ्य सेवाओं का दारोमदार है। स्थानीय लोग किसी तरह घर से पानी ला सकते हैं, लेकिन दूर-दराज से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए यह स्थिति बेहद गंभीर है।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज और सुरक्षित प्रसव का दावा करती है, लेकिन तेजगढ़ अस्पताल की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। उनका आरोप है कि अस्पताल प्रभारी डॉ. प्रियंका शर्मा व्यवस्थाओं पर भी पर्याप्त ध्यान नहीं दे रही

ग्रामीणों का कहना है कि यदि अस्पताल प्रबंधन गंभीर ग्राम पंचायत से समन्वय कर प्रतिदिन पानी का टैंकर मंगाने जैसी अस्थायी व्यवस्था की जा सकती है पानी के अभाव में मरीजों और उनके परिजनों को पीने, नहाने, शौच और भोजन जैसी दैनिक आवश्यकताओं के लिए भी भारी कठिनाई उठानी पड़ रही है। नाराज मरीजों और परिजनों ने इस संबंध में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई है। अस्पताल प्रभारी डॉ. प्रियंका शर्मा ने बताया कि मोटर पंप की समस्या के संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजा गया है। अनुमति मिलने के बाद आवश्यक कार्य कराया जाएगा।

अब सवाल यह है कि जब एक महीने से अस्पताल में पानी जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो जिम्मेदार विभाग और अस्पताल प्रबंधन ने अब तक स्थायी या वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की? यदि यही स्थिति बनी रही तो मरीजों की परेशानी और बढ़ सकती है।